आइआइएम में कर्मियों ने नृत्य, नाटक, गीत की दी प्रस्तुति



कार्यक्रम में रामायण की महिमा की प्रस्तुति देती कर्मचारी। ● आइआइएम

कार्यक्रम में भगवान राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान के वेश में कर्मचारी। ● आइआइएम

भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आइआइएम के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कर्मचारियों और श्रमिकों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर की। उन्होंने कहा कि उज्वल भविष्य के निर्माण में श्रमिकों का प्रमुख योगदान है। श्रमिकों के अथक प्रयासों को स्वीकार करने और उनका सम्मान करने के लिए एक दिन को चिन्हित किया गया है। इस दौरान कर्मचारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कविता और गीतों के साथ नृत्य भी प्रस्तुत किए। रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। आइआइएम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी व सेवानिवृत्त कर्नल डा. हरिंद्र त्रिपाठी ने मई दिवस के इतिहास और महत्व के बारे में बताया। साथ ही भारतीय संदर्भ में ट्रेड यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। श्रमिकों के अधिकारों को पहचानने पर जोर दिया। अभिजित बर्मन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Naidunia 8th May 2024, P. IV,(Naidunia City)